THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir.

(b) A fact finding enquiry was conducted by senior scale officers of Asansol Division.

(c) Yes, Sir.

(d) Some other cases of overloading have also been detected.

(e) Penal freight has been levied on the consignee.

अहमदनगर और परली के बीच रेल-मार्ग

1112. **डा० बापू कालदाते :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहमदनगर और परली के बीच रेल-मार्ग की मांग पिछले काफी वर्षों से लंबित है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय ले लिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी हां (ख) और (ग) अहमदनगर बीर-पर्ली बैजनाथ नई बडी लाइन के लिए 1990 में सर्वेक्षण किया गया था । 274 कि० मी० लम्बी नई बड़ी लाइन के निर्माण पर 197 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान लगाया गया है । और प्रतिफल की दर एक प्रतिशत से कम होने का अनुमान है चूंकि सर्वेक्षण के अनुसार, यातायात की संभावनायें अपर्याप्त रहेंगी इसलिए इस कार्य को शुरू करने का प्रस्ताव नहीं है ।

Metre Gauge train between Dibrugarh and Guwahati

1113. DR. NAGEN SAIKIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(b) what is the distance from Guwahati to Dibrugarh through the Railway track;

(b) the time the Metre Gauge train takes to reach Dibrugarh from Guwatati;

(c) whether it is a single track line; and

(d) if so, whether Government are considering any proposal to make this line a double track one?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) 561 Kms.

(b) 19 hrs. 15 mts. by 5905 Kamrup Express and 17 hrs. 50 mts. by 5907 Brahmaputra Mail.

(c) Yes, Sir.

(d) No. Sir.

हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस का इलाहाबाद स्टेशन पर ठहराव

1114. **श्री सत्यप्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) उन स्टेशनों के नाम क्या हैं जहां 2301/2302 हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस 31 जनवरी, 1992 तक रुकती थी ;

(ख) इलाहाबाद स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव किस तारीख से आरम्भ किया गया था ;

(ग) क्या इलाहाबाद स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव समाप्त कर दिया गया है और यदि हां, तो कब से ; और

(घ) इलाहाबाद स्टेशन पर इस रेल गाड़ी का ठहराव आरम्भ करने और बाद में इस ठहराव को समाप्त करने के क्या कारण थे ?